दैनिक भास्कर 26/07/2024

नए छात्रों के लिए जीएमएन में ओरिएंटशन कार्यक्रम किया

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटशन कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को कॉलेज के नियमों, शैक्षिक गतिविधियों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को अच्छे नागरिक बनाना है, जो समाज में योगदान कर सकें। इसके पश्चात एनएसएस, एनसीसी, रेड रिबन, विमेंन सेल, मेंटर-मैंटी व कल्चरल के इंचार्ज ने अपने सेल के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। नई एजुकेशन पॉलिसी के बारे में डॉ. केके पूनिया ने विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया। उसके बाद डॉ. सुरेंद्र कुंडू ने परीक्षा पद्धति के बारे में विस्तार से चर्चा की।